
# स्क्रूटनी के बाद चुनाव के लिए अंतिम सूची में 3 नाम


तरुण चुघ


महेश केवट


रजनीश अग्रवाल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 जून. प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के क्रम में नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्यसभा उम्मीदवारों के नामों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है. इस सूची में भाजपा के तीनों उम्मीदवारों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट के नाम शामिल हैं.**

तीनों उम्मीदवारों की अंतिम सूची में जो क्रम है, उसमें महेश केवट दूसरे नंबर पर है. नामांकन निरस्त होने के बाद सूची में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नाम शामिल नहीं है. इससे साफ हो गया है कि भाजपा के तीनों उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचन की अब केवल औपचारिकता भर बाकी रह गई है. 11 जून नाम वापसी की अंतिम तिथि है.

रिटर्निंग ऑफिसर ने 9 जून को स्क्रूटनी के बाद कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया था, तेलंगाना में एक मामले में नोटिस जारी होने की जानकारी उन्होंने नामांकन में नहीं दी थी, जिस पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई थी, आपत्ति पर गहमागहमी के बीच सुनवाई हुई, परीक्षण के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निरस्त कर दिया. इससे कांग्रेस की एक सीट जीतने की उम्मीदों को झटका लगा है. एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या बल मौजूद था, लेकिन मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाये जाने के बाद कांग्रेस में अंदरूनी तौर पर उनका विरोध भी शुरू हो गया था. बाहर से कांग्रेसी नेताओं ने भले ही एकजुटता दिखाने की कोशिश की, इस बीच भाजपा को कांग्रेस के इस कलह की भनक मिलते ही उन्होंने भी तीसरा उम्मीदवार महेश केवट के रूप में मैदान में उतार दिया. इससे कांग्रेस विधायकों में सेंधमारी के डर से उन्हें बैंगलुरू शिफ्ट करने के लिए विशेष विमान भी आ गया था.

### गेट पर टांग दिया आरएसएस का गणवेश

इस 75 सीटर विमान ने 38 विधायक और उनके परिजन, स्टॉफ के साथ उड़ान भरने की तैयारी कर ली थी और ये रनवे पर भी पहुंच गया था, इससे पहले की विमान बैंगलुरू के लिए उड़ान भरे, विधायकों तक ये सूचना पहुंच गई कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर दिया गया है, उसके बाद विमान रनवे से वापस लौट आया. नामांकन निरस्त होने के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में बीती देर रात प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में धरना भी दे दिया था, लेकिन ये धरना पूरी रात नहीं चला. बुधवार को एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस के नेता सीईओ कार्यालय पहुंचे, लेकिन उन्हें गेट बंद मिला. ऐसे में विरोध प्रदर्शन करते हुए उन्होंने आरएसएस का गणवेश गेट पर टांग दिया.

## मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 19 घायल

**नरसिंहपुर.** जिले में बरमान पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बुधवार को मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन के पलट जाने से 19 लोग घायल हो गए. ढिगसरा तिराहे के पास मूंग की फसल कटाई के लिए मजदूरों को लेकर जा रही पिकअप का टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया. दुर्घटना के समय वाहन में लगभग 35 मजदूर सवार थे. दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया. घायल होने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक बताई गई है. सभी मजदूर बरमान क्षेत्र से बिंदली गांव की ओर जा रहे थे.

# नामांकन निरस्त होने के विरोध में किया उपवास

### लोकतंत्र पर हमले का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 जून. राज्यसभा चुनाव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र को निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने राजधानी भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर दिनभर का उपवास और धरना-प्रदर्शन आयोजित किया.**




इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया. धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतांत्रिक परंपराओं पर अभूतपूर्व हमला बताया. नेताओं का कहना था कि भाजपा राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रक्रियागत उपायों के माध्यम से विपक्ष को कमजोर करने का प्रयास कर रही है. पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि नामांकन निरस्त किए जाने की घटना ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और सभी दलों के लिए समान अवसरों पर आधारित होता है.

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस घटनाक्रम को 'लोकतंत्र का काला दिन' बताते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों से अपना संघर्ष जारी रखेगी. उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया. दिनभर चले उपवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मीनाक्षी नटराजन के प्रति एकजुटता व्यक्त की. पार्टी नेतृत्व ने कहा कि नामांकन निरस्तीकरण को चुनौती देने के लिए सभी कानूनी और राजनीतिक विकल्पों का उपयोग किया जाएगा.



## मंत्री उदय सिंह ने सुनीं भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 जून. शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का समाधान किया.**

जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया.

# 24209 करोड़ का खाद्यान्न वितरित

### लगभग 40 करोड़ का भुगतान ऑनलाइन किया

### 269 पीडीएस के प्रदाय केन्द्रों की संस्था को बढ़ाया

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 10 जून. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि दिसम्बर, 2023 से अभी तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5.39 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को कुल 24,209 करोड़ रूपये का 74.31 लाख में. टन निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया है.**

### सामग्री के प्रदाय के राशि की बचत...



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित राशन सामग्री के परिवहन करने वाले 896 परिवहनकर्ताओं एवं 27,872 दुकानों के कमीशन देयकों का प्रतिमाह लगभग 40 करोड़ रूपये का भुगतान ऑनलाइन किया जा रहा है. यह व्यवस्था माह फरवरी, 2024 से लागू है। पूर्व में संचालित 269 पीडीएस के प्रदाय केन्द्रों की संस्था को बढ़ाकर 273 की गयी है. इससे सामग्री के प्रदाय के समय एवं राशि की बचत हुई है.

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को निःशुल्क राशन का वितरण करने के लिए असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों की 29 वी प्राथमिकता श्रेणी शामिल की गई. इसमें असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों के 7.82 लाख परिवारों के 27.80 लाख नवीन श्रमिकों को पात्रता पर्ची जारी कर निःशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है.



## लाखों की चोरी का खुलासा

### 10 लाख का सामान बरामद

**सीधी, 10 जून. कोतवाली पुलिस ने लाखों की चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लगभग 10 लाख का मशरूका बरामद किया है.**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफलता पूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 10 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी बरामद की है. पुलिस के अनुसार 4 जून को फरियादी हरीश मिश्र पिता अरुण मिश्रा निवासी डेनिहा, थाना कोतवाली, जिला सीधी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई.

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**धार.** जिले की धामनोद पुलिस ने नाबालिग लड़की को कथित रूप से बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. नौ जून को नाबालिग पीड़िता अपने परिजनों के साथ धामनोद थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में आरोप लगाया गया कि 15 मई को एक युवक उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ खरगोन जिले ले गया था. आरोपी ने उसे किराए के कमरे में रखा और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया. शिकायत के आधार पर धामनोद थाने में भारतीय न्याय संहिता तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया.

# किसानों ने रंगोली बनाकर उत्सव मनाया

### पीएम मोदी के 4399 दिनों का कार्यकाल हुआ पूरा




**भोपाल, 10 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 4399 दिनों का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर भोपाल की हुजूर विधानसभा क्षेत्र के किसानों ने नीलबड़ स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में अनाज से विशेष रंगोली बनाकर उत्सव मनाया.**

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस अवसर पर हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया. आयोजकों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी देश के सर्वाधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं.

इसी उपलक्ष्य में किसानों ने विभिन्न प्रकार के अनाज से आकर्षक रंगोली तैयार की, जिसमें प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल की 12 प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया.

## अवैध डीएपी उर्वरक का भंडारण

**सिवनी, 10 जून. जिले में कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में घंसौर क्षेत्र के ग्राम बाम्हनवाड़ा में डीएपी उर्वरक के अवैध भंडारण का मामला सामने आया है. इस संबंध में एक व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घंसौर को नौ जून को सूचना मिली थी कि ग्राम बाम्हनवाड़ा स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में डीएपी उर्वरक का अवैध भंडारण किया गया है. सूचना के आधार पर कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की. जांच के दौरान शिवकुमार मसराम के मकान में डीएपी उर्वरक की 150 बोरियां बरामद हुईं. प्रत्येक बोरी का वजन 50 किलोग्राम बताया गया है. पूछताछ में पता चला कि मकान ग्राम कहानी निवासी अशोक कुमार गोल्हानी द्वारा किराये पर लिया गया था और वहीं उर्वरक का भंडारण किया जा रहा था. विभागीय अधिकारियों ने अशोक कुमार गोल्हानी से उर्वरक के भंडारण और विक्रय से संबंधित दस्तावेज तथा लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके.

# ज्योतिर्लिंग-द्वारका के दर्शन का अवसर

## भारत गौरव ट्रेन से मिलेगा तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर

**भोपाल, 10 जून. भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष धार्मिक यात्रा लेकर आया है. 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' के माध्यम से यात्रियों को ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के साथ द्वारकाधीश मंदिर और अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर मिलेगा.**

यह विशेष ट्रेन 11 जुलाई 2026 को रीवा स्टेशन से रवाना होगी और पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से यात्री इसमें शामिल हो सकेंगे. यात्रा के दौरान ट्रेन सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल, शुजालपुर और उज्जैन सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी. इन स्टेशनों से श्रद्धालु ट्रेन में सवार होकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत कर सकेंगे.

इस 10 रात और 11 दिन की विशेष यात्रा में श्रद्धालुओं को गुजरात और मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे. यात्रा कार्यक्रम में द्वारका स्थित द्वारकाधीश मंदिर, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जैसे प्रसिद्ध तीर्थ शामिल हैं. धार्मिक महत्व से भरपूर इस यात्रा को श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और यादगार बनाने की विशेष व्यवस्था की गई है. आईआरसीटीसी द्वारा उपलब्ध कराए गए पैकेज में रेल यात्रा, ठहरने की व्यवस्था, शुद्ध भोजन, स्थानीय परिवहन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और टूर एस्कॉर्ट जैसी सुविधाएं शामिल हैं. यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न श्रेणियों के आकर्षक पैकेज भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इस यात्रा का लाभ उठा सकें.




## लालच में किया बाघ का शिकार

**अमरवाड़ा, 10 जून. छिंदवाड़ा जिले के हर्रई क्षेत्र में राष्ट्रीय पशु बाघ के शिकार और उसके अंगों की तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है.**

वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने कथित तौर पर करोड़पति बनने और तंत्र-मंत्र के लालच में बाघ का शिकार किया था तथा उसकी खाल और अन्य अंगों की बिक्री की तैयारी कर रहे थे. पूर्व डीएफओ स्वरूप दीक्षित के अनुसार, विभाग को बाघ के शिकार और उसके अवशेषों की तस्करी की सूचना मिली थी. इसके बाद वन अधिकारियों ने विशेष रणनीति बनाते हुए कुछ कर्मचारियों को नकली खरीदार बनाकर आरोपियों के संपर्क में भेजा. तस्करों ने पहले बाघ की खाल और अन्य अंगों के लिए एक करोड़ रुपये की मांग की थी, लेकिन बाद में सौदा 30 लाख रुपये में तय हुआ. जैसे ही लेन-देन की पुष्टि हुई, वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ लिया. फिलहाल वन विभाग और पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं.

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि शिकार के बाद बाघ के अवशेष नरसिंहपुर जिले के करेली रेंज के जंगलों में दफना दिए गए थे. उनकी निशानदेही पर वन अमले ने मौके पर पहुंचकर खुदाई कर अवशेष बरामद किए. अधिकारियों का मानना है कि आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से ऐसा किया था. इस कार्रवाई में एसडीओ अनादि बुधोलिया, रेंजर कीर्ति बाला गुप्ता और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही. वन विभाग ने पूरी टीम की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है.




### व्यापक अभियान ▶ एमपी पुलिस ने पांच दिनों में विभिन्न जिलों में बड़ी कार्रवाई की

# मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 जून. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाते हुए पिछले पांच दिनों में विभिन्न जिलों में बड़ी कार्रवाई की है.**



इस दौरान पुलिस ने नशीले पदार्थों और उनसे जुड़े वाहनों व अन्य संपत्तियों सहित 1 करोड़ 62 लाख रुपये से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त की है. सबसे बड़ी कार्रवाई आगर मालवा जिले में हुई, जहां कोतवाली पुलिस ने एक कंटेनर वाहन में विशेष रूप से बनाए गए लोहे के गुप्त चैम्बर से 321 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया. मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. जब्त मादक पदार्थ और वाहन की कुल कीमत लगभग 71 लाख रुपये आंकी गई है. जबलपुर में संयुक्त पुलिस दल ने नशा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनके पास से 6,600 मादक इंजेक्शन, मोबाइल फोन और एक ई-रिक्शा बरामद किया गया.

शिवपुरी में पुलिस ने स्मैक की बिक्री में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनके कब्जे से 62.28 ग्राम स्मैक, एक कार और मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 22 लाख रुपये बताई गई है. मंदसौर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में डोडा चूरा और एमडी ड्रग्स बरामद की, जिनकी कीमत करीब 17.66 लाख रुपये है.

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**धार.** जिले के बाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरियापानी गांव में एक 18 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. परिजनों ने घटना को हत्या बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. पिपरियापानी निवासी खन्नेश चौहान का शव मंगलवार दोपहर महाकालेश्वर रोड पर एक बबूल के पेड़ से बेल्ट के फंदे पर लटका मिला. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक के परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या का मामला नहीं है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14